**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**तिथि** 27 **अगस्त** 2025 **समय** 1810

**मुख्य समाचार :-**

- **हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में चकबंदी की समस्या का समाधान शीघ्र किया जायेगा।**
- **कुरुक्षेत्र को मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार स्वच्छ बनाने का कार्य शुरू हुआ - ब्रह्मसरोवर के नज़दीक डंपिंग जोन का भी शीघ्र समाधान होगा।**
- **अम्बाला रेल मंडल ने पहाड़ों में बारिश के बाद नदी नालों में पानी बढ़ने के मद्देनज़र कई रेलगाड़िया रद्द की।**
- **हरियाणा में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान 2 सितम्बर तक चलाया जायेगा।**
- **पलवल में कल से राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ होगा।** 2. **श्री मोदी ने कहा कि आज भारत की मेक इन इंडिया यात्रा में नया अध्याय जुड़ा है।**

************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में चकबंदी की समस्या का शीघ्र समाधान हो जाएगा।

मुख्यमंत्री आज हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान पानीपत जिले में चकबंदी की समस्या से जुड़े एक प्रश्न पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यमुना नदी के साथ लगते प्रदेश के गांव में भूमि की चकबंदी की समस्या केवल एक जिले तक सीमित नहीं है। यह समस्या यमुनानगर से शुरू होकर पलवल तक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पानीपत के साथ-साथ यमुना नदी किनारे बसे अनेक गांवों में भी यह समस्या है।
मुख्यमंत्री ने सदन में आश्वासन दिया कि पूरे प्रदेश में चकबंदी की इस प्रक्रिया का सरलीकरण करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं और शीघ्र ही इस समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।

******************************************************************
**********

अंबाला जिला परिषद के अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास हो गया है। यह जानकारी उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने चुनाव प्रक्रिया उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए दी।

उन्होंने बताया कि जिला परिषद अंबाला के अध्यक्ष के खिलाफ बैलेट पेपर से हुए मतदान के तहत 10 वोट अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में तथा 05 वोट अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ डाले गए।

******************************************************************
**********

कुरुक्षेत्र के उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने आज कुरुक्षेत्र को स्वच्छ बनाने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र को स्वच्छ बनाने के लिए 11 सप्ताह का समय निर्धारित किया है, इस दौरान स्वच्छता मुहिम पर कार्य किया जाएगा।

श्री मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र के ब्रहम सरोवर नजदीक डंपिंग जोन का भी समाधान इन 11 हफ्तों में कर दिया जाएगा।

******************************************************************
**********

अंबाला रेल मंडल ने पहाड़ों में भारी बारिश के बाद मैदानी इलाकों में नदी नालों में पानी बढ़ने के मद्देनजर कई रेलगाड़ियों को रद्द कर दिया है। अंबाला रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक नवीन कुमार ने बताया कि जम्मू और पठानकोट में अचानक आई बाढ़ की वजह से जम्मू जा रही सभी रेलगाड़ियां रद्द कर दी गए हैं।

आकाशवाणी समाचार से बातचीत में उन्होंने बताया -

उन्होंने कहा कि ऐसे में लोगों को परेशानी न हो इसके लिए हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं और उन्हें टिकट के पैसे वापिस दिए जा रहे हैं।

******************************************************************
**********

हरियाणा में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को पेट के कीड़े मारने की गोलियां 2 सितंबर तक खिलाई जाएंगी।

पलवल की सिविल सर्जन डॉ. सतेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि अलबेंडाज़ोल की गोली को लेकर लोगों के मन में कुछ भ्रांतिया हैं जिन्हें दूर किया जा रहा है।

हरियाणा में इस बार 2 सितंबर तक 1 से 19 वर्ष के लगभग 99 लाख बच्चों तथा 20 से 24 वर्ष की साढ़े सात लाख गर्भ धारण करने वाली महिलाओं को एलबेंडाजोल की गोली खिलाने का लक्ष्य है।

*****************************************************************************

हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निर्देशन में आज पलवल जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के तत्वावधान में गांव औरंगाबाद के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में विशाल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभिषेक फुटेला ने किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं प्राधिकरण की सचिव मेनका सिंह ने बताया कि शिविर में जरूरतमंद लोगों को मौके पर सेवाएं मुहैया कराने के साथ-साथ जागरूक भी किया गया। -

******************************************************************************

हरियाणा के पलवल में कल 28 से 31 अगस्त तक पहली बार राष्ट्रीय नेटबॉल चैम्पियनशिप करवाई जाएगी। प्रतियोगिता में 26 राज्यों के खिलाड़ी भाग लेगें। राष्ट्रीय नेटबॉल विकास समिति एवं हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिओम कौशिक ने बताया -

डॉ हरिओम कौशिक ने बताया कि पलवल के खिलाड़ी नेटबाल में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। गुरुग्राम में हुई हरियाणा राज्य सीनियर नेटबॉल चैंपियनशिप में पलवल जिले के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल खिताब अपने नाम किया है।

******************************************************************************

हिसार निवासी मूक बधिर खिलाड़ी निलेश कुमार ने मूक बधिर टोक्यो ओलंपिक 2025 में जगह बनाई है। निलेश हरियाणा से एकमात्र खिलाड़ी है जो ओलंपिक में अपना स्थान पक्का करने में कामयाब हुए हैं।

निलेश की इस उपलब्धि पर खुशी का इजहार करते हुए उस के पिता धर्मवीर ने बताया -

निलेश ए ओलंपिक में जगह बनाने के बाद इशारों में अपनी खुशी व्यक्त की। निलेश के कोच पवन लांबा ने बताया-

******************************************************************
***********